F. No. 9-2/2024-MPS-ES
Government of India
Ministry of Agriculture & Farmers Welfare
Department of Agriculture & Farmers Welfare
Economics, Statistics & Evaluation Division
(MSP Section)

Krishi Bhawan, New Delhi
Date: 18th September, 2025

To,

Shri Siddharth Joshi
339, 7th Main, 3rd Cross,
Vivek Nagar, Bengaluru,
Karnataka-560047

Subject: RTI Application of Shri Siddharth Joshi vide Registration No. DOA&C/R/E/25/01479/1 dated 01.09.2025-reg.

Sir,

Please refer to your RTI application vide Registration No. DOA&C/R/E/25/01479/1 dated 01.09.2025. The requisite information in respect of aforesaid RTI Application is as under:

Information sought	Information provided
Please provide a copy of the Report of the Committee constituted by the Department of Agriculture and Cooperation in 2013 under the Chairmanship of Shri Ramesh Chand to examine the methodological issues in fixing Minimum Support Price vide No. A-49011/2/2013-EA.	A copy of the said report is enclosed with this letter.

2. The first appeal, if any, against the reply may be made within 30 days of the receipt of the reply to Shri Dhananjay Prasad Srivastava, Adviser & Appellate Authority, Room No. 11, Department of Agriculture & Farmers Welfare, Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Krishi Bhawan, New Delhi.

Enclosure: As above.

Yours sincerely,

18.09.2025
(Gyanendra Singh)
CPIO & Additional Statistical Adviser

Copy to: Under Secretary, RTI Cell, Department of Agriculture & Farmers Welfare, Krishi Bhawan, New Delhi.

न्यूनतम समर्थन मूल्यों का निर्धारण करने में प्रणाली तंत्र की जांच करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट

Report of the Committee to Examine Methodological Issues in Fixing Minimum Support Prices

मार्च, 2015

March, 2015

सत्यमेव जयते

कृषि एवं सहकारिता विभाग

कृषि मंत्रालय, भारत सरकार

नई दिल्ली

Department of Agriculture and Cooperation

Ministry of Agriculture, Government of India

New Delhi

न्यूनतम समर्थन मूल्यों का निर्धारण करने में प्रणाली तंत्र की जांच करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट

विषय सूची

क्रम संख्या		पृष्ठ संख्या
	आभार	I
1	प्रस्तावना	2-5
2	कृषि लागत एवं मूल्य आयोग का अधिदेश	6-10
3	लागत अवधारणा तथा अध्यारोपण	11-20
4	प्रशुल्क, कर, ऋण व मण्डी	21-25
5	अन्य कोई संबंधित मामले	26-27
6	अनुशंसाएं	28-34
अनुलग्नक		
I	समिति का गठन तथा विचारणीय विषय	A-1 to A-3
II	बैठक का कार्यवृत	A-4 to A-14

आभार

न्यूनतम समर्थन मूल्यों के निर्धारण में प्रयुक्त कार्य प्रणाली, कृषि लागत व मूल्य आयोग (सीएसीपी) के विचारार्थ मुद्दों तथा इससे संबंधित अन्य पहलुओं की जांच करने के लिए समिति को अवसर प्रदान करने के लिए समिति कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार को हार्दिक धन्यवाद देती है ।

समिति के सभी सदस्यों को विचार-विमर्श में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए तथा रिपोर्ट तैयार करने में मूल्यवान सुझाव देने के लिए धन्यवाद देती है । समिति कृषि एवं सहकारिता विभाग तथा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त मूल्यवान सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए इनकी प्रशंसा को अभिलेखों में दर्ज किए जाने की इच्छुक है । इन विभागों द्वारा प्रदान की गई सामग्री विषयगत मामले पर गहराई से विचार-विमर्श किए जाने में अत्याधिक मूल्यवान थी ।

इस रिपोर्ट को तैयार किए जाने में श्री आशीष बहुगुणा, निवर्तमान सचिव, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय द्वारा गहरी दिलचस्पी लेने के लिए समिति अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है । समिति के सदस्यों में लाजवाब सामंजस्य स्थापित करने तथा विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त को तैयार करने के लिए समिति श्री एस. आर. जोशी, सलाहकार (लागत), सीएसीपी को धन्यवाद देती है ।

समिति बैठक के कार्यवृत्त् और समिति की रिपोर्ट के हिन्दी रूपान्तरण के लिए पहल और किये गये प्रयासों के लिए सदस्य सचिव और उनकी टीम के प्रति बेहद आभारी है ।

समिति बैठकों का आयोजन करने तथा संभार तंत्र की व्यवस्था करने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय के सीएसीपी के लागत प्रभाग तथा ईए प्रभाग के अधिकारियों को भी धन्यवाद देती है ।

30
मार्च, 2015

रमेश चन्द

(प्रो0 रमेश चन्द)
समिति अध्यक्ष

प्रस्तावना

पिछले तीन दशकों में कृषि उत्पादन, विपणन और व्यापार में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं । दो उपाख्यान जिनका कृषि के लगभग सभी पहलुओं पर गहरा प्रभाव पड़ा है वे हैं (क) देश में आर्थिक उदारीकरण जो वर्ष 1991 में शुरू हुआ तथा (ख) वर्ष 1995 में डब्ल्यूटीओ का गठन किया जाना तथा कृषि को व्यापार तथा टैरिफ पर सामान्य करार के तहत लाना । तथापि, कई अन्य घटकों के कारण भी कृषि में परिवर्तन आया है जिनमें अधिकांश में कृषक आजीविका और आय के लिए मूल्य नीति के कुछ निहितार्थ हैं ।

उत्पादन पैटर्न नकदी फसलों की ओर अग्रसर हुआ है तथा कई फसलें जिन्हें पहले जीविका की फसलें माना जाता था या पारिवारिक आवश्यकता को पूरा करने वाली फसलें माना जाता था, उन्हें अब नकदी महत्व के आधार पर उगाया जाता है । उत्पादन में लगभग सभी फसलों का विपणित अधिशेष का अनुपात बढ़ा है । खरीदे गये आदानों के उपयोग, पारिश्रमिक श्रम से पारिवारिक श्रम के प्रतिस्थापन, श्रम के पूंजी और मशीनरी से प्रतिस्थापन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण में वृद्धि से उत्पादन का अत्यधिक वाणिज्यीकरण हो गया है। उन्नत प्रौद्योगिकी के अपनाये जाने से प्राय: अधिक लागत पर मण्डी से खरीदे गये बीजों का उपयोग आवश्यक हो गया है । मूल्य परिवर्तन प्रभाव निरंतर और गंभीर हो गये हैं । आधुनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारिवारिक व्यय को पूरा करने का दबाव किसानों को कर्ज ली गई निधियों का उपयोग करके जोखिम खतरों को अपनाने को मजबूर कर रहा है । मण्डी ताकतें और मूल्यों के घटने की स्थितियां कृषि संबंधी दबाव तथा कृषक आत्महत्याओं जैसी स्थितियों का कारण बन रही है ।

देश में अनुसरण किये जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर आधारित वर्तमान प्रणाली से किसानों का मोह भंग हो रहा है । दूसरी तरफ धान, गेहूं, कपास, गन्ना, पटसन और नारियल को छोड़कर यह सुनिश्चित करने का कोई तंत्र नहीं है कि किसानों द्वारा प्राप्त किये जाने वाले मूल्य एमएसपी से कम न गिरें । यहां तक कि धान, गेहूं और कपास के मामले में भी

न्यूनतम समर्थन मूल्य केवल कुछ राज्यों में ही प्रभावी है जहां सार्वजनिक खरीद प्रणाली मौजूद है । अन्य स्थानों में किसानों द्वारा प्राप्त किया जाने वाला वास्तविक मूल्य कई मामलों में एमएसपी से कम होता है । इसी तरह से अनेक मण्डियों में अन्य अनाजों, दलहनों और तिलहनों के खेती की उपज मूल्य प्राय: उनके एमएसपी से कम रहते हैं ।

विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी पर पहुंचने के लिए सीएसीपी द्वारा उपयोग किये जाने वाले कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये गये हैं । आम मान्यता है कि उत्पादन की प्रति यूनिट खेती की लागत एमएसपी के बारे में अपनी सिफारिश पर पहुंचने के लिए सीएसीपी द्वारा उपयोग का एकल मापदण्ड है । यही कारण है कि विभिन्न किसान संगठन लागत कार्यप्रणाली, अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग, कृषि मंत्रालय द्वारा एकत्रित डाटा की सटीकता और विश्वसनीयता का विरोध करते हैं । किसान आयोग जैसी उच्च स्तरीय समितियों द्वारा कुल औसत भारित लागत में 50% अधिक पर एमएसपी निर्धारित करने के सुझाव दिये गये हैं । तमाम राज्यों की लागत में काफी अंतर है और कुछ राज्यों के लिए एमएसपी का विशेष स्तर उत्पादन की औसत लागत से 50% अधिक तथा अन्य कुछ राज्यों में कम हो सकते हैं, तथापि उत्पादन की औसत लागत पर पहुंचने के लिए राष्ट्रीय भारित औसत का प्रयोग होता है ।

अन्य महत्वपूर्ण घटक हैं जो किसानों द्वारा प्राप्त किये जाने वाले मूल्यों को भी फार्म हार्वेस्ट मूल्यों पर एमएसपी के प्रभाव के अलावा और अधिक मजबूती से प्रभावित करते हैं । यह विशेष रूप से ऐसी फसलों और किसानों के लिए सच है जो एमएसपी से सीधे लाभान्वित नहीं है। इन घटकों में शामिल हैं प्रशुल्क (टैरिफ), संस्थागत ऋण पर ब्याज दर, आदान राजसहायता, कराधान ढ़ांचा, अवसंरचना, मण्डी विनियमन, बाजार विकास का चरण तथा बाजार प्रतिस्पर्धा। कुछ मामलों में यदि नीतिगत परिवेश अनुकूल हो तो किसान एमएसपी से बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं । इसके विपरीत, प्रतिकूल नीतिगत परिवेश किसानों के लिए विनाशक हो सकता है । इस तथ्य के बावजूद, किसानों के लिए बेहतर ट्रीटमेंट प्राप्त करने हेतु सबसे अधिक ध्यान मूल्यों पर केन्द्रित किया जा रहा है । आंशिक रूप से इसका कार्य होने के कारण तथा आंशिक रूप से ऐतिहासिक विरासत के कारण यह कार्य विशेष रूप से सीएसीपी को दिया गया है । इस तरह से, फार्म मूल्यों पर अन्य नीतियों तथा उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की स्थिति में सीएसीपी की भूमिका को देखना प्रासंगिक है ।

इस पृष्ठभूमि में (i) सीएसीपी के विद्यमान कार्य, (ii) एमएसपी के निर्धारण के विभिन्न पहलुओं, (iii) किसानों को प्रभावित कर रही अन्य नीतियां तथा फार्म उत्पाद के मूल्यों की जांच करने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1

अप्रैल, 2013 को एक समिति गठित की गई थी । समिति के विशिष्ट विचारार्थ मुद्दे इस प्रकार हैं:

क) कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के वर्तमान अधिदेश की समीक्षा करने और यह सुझाव देना कि क्या उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की स्थिति में तेजी से बदल रहे बाह्य परिवेश का सामना करने के उपाय करके इसके अधिदेश और छोड़ने के संबंध में आयोग के पुनर्स्थीकरण की जरूरत है ।

ख) न्यूनतम समर्थन मूल्यों को निर्धारित करने के प्रयोजनार्थ विद्यमान लागत अवधारणा की जांच करने तथा एमएसपी के निर्धारण के लिए परिवहन, विपणन, प्रसंस्करण, भंडारण आदि की लागत सहित विभिन्न घटकों का सुझाव देना । इसके अलावा समिति (i) पारिवारिक श्रम; (ii) भूमि का किराया मूल्य; (iii) ब्याज या पूंजी; (iv) ट्रैक्टर, बैल आदि जैसी निर्धारित मदों का मूल्य ह्रास के मूल्य गणना में अनुसरण की गई विद्यमान पद्धतियों के औचित्य का विश्लेषण तथा सुधार के उपायों की सिफारिश भी करेगी ताकि उन्हें और अधिक यथार्थवादी बनाया जा सके ।

ग) प्रशुल्क, करों, ऋण, मण्डी आदि के विद्यमान ढ़ांचे की जांच करना तथा व्यापार उदारीकरण तथा वैश्वीकरण की स्थिति में इसे सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी और किसानों के लिए विभिन्न उपायों का सुझाव देना और साथ ही कृषि वृद्धि को प्रोत्साहित करना ।

घ) किसी अन्य संबंधित और प्रासंगिक मामलों की जांच करना जो सिस्टम में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हों ।

समिति का गठन

प्रो० रमेश चन्द, निदेशक, राष्ट्रीय कृषि आर्थिक एवं नीति अनुसंधान, नई दिल्ली की अध्यक्षता में सरकार द्वारा समिति गठित की गई और इसके सदस्य शिक्षा, कृषक संगठनों, सीएसीपी, राज्य सरकार के प्रतिनिधियों तथा कृषि मंत्रालय से हैं । विचारणीय विषय के साथ समिति का संविधान अनुलग्नक-I पर है।

कार्य प्रणाली

समिति ने पांच बैठकें की जिनमें टीओआर को शामिल करते हुए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया । समिति के सदस्य एमएसपी की सिफारिशों पर पहुंचने के लिए अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग तथा कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के अधिकारियों/विशेषज्ञों द्वारा दिये गये प्रस्तुतिकरण और प्रक्षेपित लागत आकलन के लिए मुख्य फसलों की खेती की लागत और अपनाए गए तरीकों के लिए व्यापक योजना के विस्तृतिकरण द्वारा लाभान्वित हुए थे । विभिन्न बैठकों का कार्यवृत्त अनुलग्नक-II पर है ।

कृषि लागत एवं मूल्य आयोग का अधिदेश

कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के विचारणीय विषय में अधिदेश अभिव्यक्त है जिनकी आवधिक समीक्षा की जाती है । आयोग की स्थापना उस समय के खाद्य एवं कृषि मंत्रालय के संकल्प द्वारा 1965 में की गई थी और इसका नाम कृषि मूल्य आयोग रखा गया । संकल्प के अनुसार आयोग की स्थापना एक संतुलित और समेकित मूल्य संरचना विकसित करने के लिए और इसका अधिदेश 11 कृषि फसलों/फसल समूहों की मूल्य नीति पर सलाह देना था । तदन्तर वर्ष 1985 में आयोग का वर्तमान नाम कृषि लागत एवं मूल्य आयोग(सीएसीपी) हुआ । वर्ष 2009 में अधिसूचित सीएसीपी के लिए वर्तमान विचारणीय विषय निम्नलिखित हैं (सीएसीपी विमर्श पत्र 7,2013):

1. धान/चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, जौ, चना, तूर, मूंग, उड़द, गन्ना, मूंगफली, सोयाबीन बीज, रैपसीड और राई, कपास, जूट, तम्बाकू, तिल, रामतिल, मसूर, कुसुम, कोपरा और ऐसे अन्य जिंसों की मूल्य नीति पर सलाह देना जिनका सरकार अर्थव्यवस्था की समग्र आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में संतुलित और समेकित मूल्य संरचना को तैयार करने के मद्देनजर और उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के हितों के लिए समय-समय पर निर्धारण कर सकती है ।

2. मूल्य नीति और संबंधित मूल्य अवसंरचना की संस्तुति करते हुए आयोग निम्नलिखित को ध्यान में रखे:
   i) उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए उत्पादकों को प्रोत्साहन प्रदान करने की आवश्यकता और राष्ट्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उत्पादन पद्धति को व्यापक रूप से अपनाना ।
   ii) भूमि, जल और अन्य उत्पादन संसाधनों के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता ।

iii) शेष अर्थव्यवस्था विशेषत: जीवन स्तर, मजदूरी स्तर, कृषि आधारित उत्पादों की लागत संरचना और कृषि एवं कृषि आधारित जिंसों की प्रतिस्पर्धात्मकता पर मूल्य नीति के होने वाले प्रभाव ।

3. आयोग ऋण नीति, फसल और आय बीमा और अन्य क्षेत्रों से संबंधित ऐसे गैर मूल्य उपायों के लिए भी सुझाव दे सकता है ताकि उपर्युक्त 1 में तय उद्देश्यों की उपलब्धियों को सरल बनाया जा सके ।

4. मूल्य नीति को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक उपायों, विभिन्न कृषि जिन्सों के संबंध में समय-समय पर संस्तुति करना ।

5. कृषि और गैर कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तों में परिवर्तन करना ।

6. विभिन्न क्षेत्रों में कृषि जिंसों की विपणन लागत और वर्तमान तरीकों का निरीक्षण करना, जहां आवश्यक हो, विपणन की लागत कम करने के लिए उपाय सुझाना और विपणन के विभिन्न स्तरों के लिए उचित मूल्य मार्जिन संस्तुत करना ।

7. विकासमान मूल्य स्थिति पर निगाह रखना और समग्र मूल्य नीति के फ्रेमवर्क में यथा आवश्यक उचित सिफारिशें करना ।

8. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा निर्धारित विभिन्न फसलों के संबंध में अध्ययन कराना ।

9. मूल्य नीति के संबंध में अध्ययनों को समीक्षाधीन रखना तथा कृषि मूल्यों और अन्य संबंधित डाटा के संबंध में सूचना के संग्रह के लिए प्रबंध करना तथा उक्त के लिए सुधार सुझाना एवं मूल्य नीति के क्षेत्र में अनुसंधान अध्ययन आयोजित करना ।

10. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्देशित कृषि मूल्यों और अन्य उत्पादन से संबंधित किसी समस्या पर सलाह देना ।

11. संस्तुत गैर मूल्य उपायों के साथ मूल्य संस्तुति का प्रभावी समेकन करना और प्रतिस्पर्धी कृषि सुनिश्चित करना ।

उपर्युक्त उद्धृत विचारणीय विषय बहुत बड़े पहलुओं को कवर करता है और पूर्णतया व्यापक है। समिति की आम भावना है कि इन विचारणीय विषय को उत्पादकों, उपभोक्तओं और समग्र अर्थव्यवस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए एमएसपी के बारे में संस्तुति करने के लिए सीएसीपी की आवश्यकता है । आयोग कृषि संगठनों/समितियों के प्रतिनिधियों से विस्तृत विचार विमर्श करता है और मूल्य नीति रिपोर्ट बनाने के लिए किसानों से संबंधित विभिन्न तत्कालीन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों के क्षेत्रों का दौरा भी करता है । मूल्य नीति की सिफारिशें करते समय सीएसीपी किसानों के लाभ को प्राथमिकता देता है ।

समिति ने नोट किया है कि सीएसीपी के मौजूदा विचारणीय विषय में उत्पादन, संतुलित वृद्धि, सततता, फसल समानता और कुछ अन्य आर्थिक पहलुओं का प्रोन्नयन करना है जोकि बहुत सार्थक और महत्वपूर्ण है परन्तु यह किसानों से संबंधित चिंताओं जैसे खेती की व्यवहार्यता, लाभ, खेती आय की पर्याप्तता, कृषि और गैर कृषि आय के बीच विषमताएं, खेती का आधुनिकीकरण, कृषि संरचना, आदान मूल्य, बाजार विकास और कृषि एवं कृषि संबंधितों को प्रभावित करने वाले विभिन्न अन्य पहलुओं से संबंधित कृषक मुद्दों के बारे में पूरी तरह से मौन है। यह सभी पहलू कृषि में रूचि बनाये रखने और किसानों को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण है ।

विचारणीय विषय 4 यह चाहता है कि मूल्य नीति को प्रभावी बनाने के लिए सीएसीपी समय-समय से संस्तुति करे । आयोग ने मांग-आपूर्ति और मूल्य नीति की प्रभावकारिता जिसमें एमएसपी के साथ फसलों के डब्ल्यूपीआई की तुलना, खरीद नीति और इसके प्रचालन, इसकी विभिन्न मूल्य नीति रिपोर्टों में बाजार विरूपण शामिल हैं, का पूरा अध्याय लिया है । इन रिपोर्टों में विशेषकर दूर दराज के क्षेत्रों में अतिरिक्त खरीद केन्द्रों की स्थापना की आयोग ने सिफारिश की है । तथापि सीएसीपी की यह गैर मूल्य सिफ़ारिशें मुश्किल से सरकार का अपनी तरफ ध्यान आकर्षित करती हैं क्योंकि आयोग को केवल मूल्य नीति पर सिफ़ारिशें प्रस्तुत करने वाला ढांचा माना जाता है । यह आम बात है कि मूल्य नीति केवल कुछ फसलों नामत: धान/चावल, गेहूं, कपास और गन्ने के लिए ही प्रभावी है । यहां तक कि धान/चावल और गेहूं के मामले में एमएसपी सभी बाजारों में प्रभावी न होकर केवल कुछ राज्यों में प्रभावी है जहां सरकार द्वारा खरीद होती है । विभिन्न राज्यों के अनेक बाजारों में किसानों को एमएसपी से कम मूल्य प्राप्त होता है । यह योजना आयोग के कागजातों और यहां तक कि सीएसीपी की रिपोर्टों में भी पाया गया है । इसके लिए ठोस और सुदृढ तंत्र की आवश्यकता है

ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कम से कम किसान को वह मूल्य प्राप्त हो जिसका एमएसपी के रूप मे आश्वासन दिया गया है |

सीएसीपी यह सुनिश्चित करने के लिए तंत्र का सुझाव और संस्तुति देनी चाहिए कि जब फसल मौसम में बाजार मूल्य एमएसपी से कम हो तो किसानों को उनके बाजार अधिमान पर मौद्रिक हानि के लिए पर्याप्त मुआवजा दिया जाये । यह स्वभाविक है कि खरीद प्रणाली के माध्यम से एमएसपी सभी जगह कार्यान्वित नहीं किया जा सकता इसलिए मूल्य सुरक्षा के लिए कमी मूल्य भुगतान अथवा मूल्य बीमा जैसा वैकल्पिक तंत्र उन सभी फसलों के लिये जिनका एमएसपी घोषित होना चाहिए, हालांकि डी०इ०एस० ने यह अंकित किया है कि मूल्य कमी भुगतान तंत्र भारत में ठीक नहीं है क्योंकि यह उन देशों में प्रचलित है जहां दो या तीन फ़सलें कवर की जाती हैं | मूल्य कमी तंत्र को भारत नहीं अपना सकता जहां एम०एस०पी० अंतर्गत 23 फ़सलें आती है | जहां भी बाजार भाव एम०एस०पी० से नीचे जायें वहां सरकारी खरीद को मजबूत करने की आवश्यकता है जिससे किसानो को एम०एस०पी० सुनिश्चित हो सके। डी०इ०एस० के अनुसार जहां भी ऐसी जरूरत हो वहां सरकारी खरीद करने की मुख्य जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होनी चाहिए।

समिति यह महसूस करती है कि सीएसीपी को सभी राज्यों में सभी महत्वपूर्ण फसलों के लिए विपणन मौसम में खेत कटाई मूल्यों का मानिटरिंग करना चाहिए | यह ध्यान में रखने के लिए कि किसानों को एमएसपी से कम मूल्य न प्राप्त हो, यदि ऐसा होता है तो सीएसीपी को इस स्थिति को नियन्त्रण में रखने के लिए सरकार को तुरन्त सिफारिश करनी चाहिए | सीएसीपी को मूल्यों के वार्षिक समीक्षा तथा कृषि तथा किसानों से प्रभावित विभिन्न नीतियों का प्रकाशन करना चाहिए जिसको बजट सत्र में संसद में रखा जाना चाहिए । तथापि डी०इ०एस० का यह मानना है कि सीएसीपी की रिपोर्ट को संसद में रखने की कोई आवश्यकता नहीं है | सीएसीपी से संबंधित विविध मामलो पर विविध सिफ़ारिशें कृषि की संसदीय स्थायी समिति, मांग एवं अनुदान संसदीय समिति और अन्य इस तरह की समितियों में विस्तार से विचार विमर्श करती है |

कुछ पहलू जो उत्पादकों के हितों से बुरी तरह टकराते हैं, मौजूदा विचारणीय विषय के तहत अभी भी कवर नहीं होते है । इनमें से निर्यात/आयात विनियमन तथा टैरिफ को कवर करते हुए व्यापार नीति सबसे महत्वपूर्ण है । व्यापार उदारीकरण और भौगोलीकरण के साथ व्यापार नीति के अवयवों ने खेती के मूल्यों को बुरी तरह से प्रभावित करना शुरू कर दिया है|

सीएसीपी कृषि उत्पादों पर व्यापार अधिनियमन के संबंध में कोई भूमिका अदा करता नहीं दिखाई देता है । प्रशुल्क, आयात एवं निर्यात के निर्णय आम तौर पर उपभोक्ताओं और उद्योग के हितों के आधार पर लिए जाते हैं । बहुत बार इससे उत्पादकों को बहुत अधिक मूल्य आघात होता है । घरेलू मूल्य अधिक होने पर कृषि निर्यात पर अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाना बिल्कुल आम हो गया है । तथापि कृषि क्षेत्रों और उत्पादकों की जरूरतों को देखते हुए आयात को सख्ती से नियंत्रित नहीं किया जाता है | समिति यह महसूस करती है कि सभी व्यापार नीति निर्णयों मे सीएसीपी से विचार विमर्श करना चाहिए

उद्योग और अन्य क्षेत्रों के पास मजबूत व्यवसायिक निकाय यथा एफआईसीसीआई, सीआईआई, एएसएसओसीएचएएम, पीएचडीसीआई हैं जो उनकी हित चिंताओं को स्पष्ट करते हैं और नीतियों को उनके पक्ष में करने के लिए लॉबी करते हैं । कृषि क्षेत्र तथा कृषकों के हितों को स्पष्ट करने के लिए व्यवसायिकों के साथ कोई ऐसा भारतीय पटल अथवा क्षेत्रीय व्यवसायिक निकाय नहीं है ।

सीएसीपी कृषकों और कृषि क्षेत्र की चिंताओं को बताने वाला और किसानों के हितों की रक्षा करने वाला उचित निकाय है । समिति संस्तुत करती है कि सीएसीपी की भूमिका को बढ़ाया जाना चाहिए और इसका नाम 'कृषि लागत, मूल्य और नीति आयोग' होना चाहिए। खाद्य कृषि और किसानों पर विभिन्न नीतियों के विश्लेषण के लिए उचित स्टाफ के साथ सीएसीपी में उच्च स्तर पर व्यवसायिक विशेषज्ञ होने चाहिए । आयोग को (1) कृषि व्यवस्था, खाद्य मूल्य और (2) उभरती परिस्थितियों में नीति सिफारिशों की सूची के साथ किसानों की स्थिति पर तिमाही रिपोर्ट को सीएसीपी की मूल्य नीति की रिपोर्ट की तरह मंत्रीमंडल के समक्ष इसको कार्यान्वित करने के लिए रखा जाना चाहिए | यह भी सिफारिश की जाती है की सीएसीपी को बजट पूर्व मंत्रणा में शामिल करना चाहिए, आयोग को केन्द्रित रूप से किसानों की आय बढाने के लिए विशिष्ट नीतियोंकी सिफ़ारिशें करनी चाहिए | तथापि डी०इ०एस० का यह मानना है कि नीतियों का निर्धारण सरकार का अधिदेश है और इसे आयोग को नहीं दिया जा सकता है और सुझाव है कि सीएसीपी द्वारा नीति निवेशों पर मूल्य नीतियों पर दी गई रिपोर्टों जिनमे मूल्यगत और गैर मूल्यगत दोनों सिफ़ारिशें शामिल होती हैं को सरकार द्वारा यथोचित मान देना चाहिए |

लागत अवधारणा तथा अध्यारोपण

आयोग न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर एवं अन्य गैर-मूल्य उपायों के संबंध में विशिष्ट जिंसों या जिंसों के समूह का समग्र आर्थिक संरचना व्यापक दृष्टिकोण के अलावा ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित घटकों पर अपनी सिफारिशें बनाती हैं:

(i) उत्पादन लागत
(ii) आगत कीमतों में परिवर्तन
(iii) आगत-उपज मूल्य समता
(iv) बाजार मूल्यों की प्रवृतियाँ
(v) मांग और आपूर्ति
(vi) अंतर फसल मूल्य समता
(vii) औद्योगिक लागत ढांचे पर असर
(viii) जीवन यापन लागत पर असर
(ix) सामान्य मूल्य स्तर पर असर
(x) अंतर्राष्ट्रीय मूल्य परिस्थितियां
(xi) किसानों द्वारा प्रदत मूल्य एवं प्राप्त मूल्य पर समता
(xii) जारी मूल्यों पर प्रभाव और सब्सिडी निहितार्थ

खेती लागत/उत्पादन लागत का आकलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफारिशें गठित करने के लिए एक महत्वपूर्ण आदान, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित, मुख्य फसलों की खेती लागत का अध्ययन करने के लिए व्यापक स्कीम के माध्यम से मूल्य आयोग को उपलब्ध कराया जाता है । ये आकलन खेती के वास्तविक घटकों पर विचार करती है तथा उत्पादन, भूमि के पट्टे के लिए किराया भुगतान, परिवार श्रम का अध्यारोपित मूल्य, स्वामित्व पूंजी सम्पति (भूमि

छोड़कर) का ब्याज मूल्य, कृषि उपकरणों एवं भवनों एवं अन्य विविध व्यय पर मूल्य ह्रास में किसानों द्वारा किये गये श्रम, नकदी एवं प्रकार में सभी वास्तविक व्यय शामिल करती है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण करने के उद्देश्य के लिए उपयोग किये गये विभिन्न लागत अवधारणाओं का नाम पद्धति एवं शब्दावली निम्नानुसार है:

<u>भुगतान की गई लागत</u>

i. किराये पर लिये गये श्रमिक (मानव, पशु एवं मशीन)
ii. स्वामित्व पशु एवं मशीनों पर रख-रखाव खर्च
iii. सामग्री आदानों जैसे बीज (देशी एवं खरीद की गई), उर्वरक, खाद (स्वामित्व एवं खरीद की गई), कीटनाशी, कृमिनाशी, खरपतवारनाशी एवं सिंचाई पर व्यय
iv. औजार एवं फार्म भवन मूल्य में कमी (जैसे पशु शेड, मशीन शेड, भंडारण शेड) पर मूल्य ह्रास
v. भू-राजस्व एवं अन्य कर
vi. विविध कार्य
vii. पट्टे की भूमि के लिए किराया भुगतान

<u>अध्यारोपित लागत</u>

i. परिवार श्रम का मूल्य
ii. स्वामित्व भू का किराया; और
iii. अपने द्वारा निर्धारित पूंजी एवं कार्यकारी पूंजी पर ब्याज

निम्नलिखित मानक लागत अंकन उपयोग किये जाते हैं:

लागत ए1: मालिक प्रचालकों द्वारा उत्पादन में किये गये नकद एवं अन्य प्रकार के सभी वास्तविक खर्च ।

लागत ए2: लागत ए1 + पट्टे पर भूमि के लिये भुगतान किया गया किराया ।

लागत बी1: लागत ए1 + स्वामित्व पूंजी सम्पति (भूमि को छोड़कर) का मूल्य पर ब्याज

लागत बी2:	लागत बी1 + स्वामित्व भू (भू-राजस्व का निवल) का किराया मूल्य तथा पट्टे पर भूमि के लिए भुगतान किया गया किराया ।
लागत सी1:	लागत बी1 + परिवार श्रम का अध्यारोपित मूल्य
लागत सी2:	लागत बी2 + परिवार श्रम का अध्यारोपित मूल्य
लागत सी3:	किसान के प्रबंधकीय आदानों के लिए खातों में लागत सी2 सहित लागत सी 2 का 10 प्रतिशत ।

सामान्यत: उत्पादन लागत (सी 2) न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफारिशें तैयार करने में एक महत्वपूर्ण आदान के रूप में विचार किया जाता है । जहां तक उत्पादन से संबंधित है, यह एक व्यापक लागत है तथा यह भुगतान किये गये लागत तथा आदानों के अध्यारोपित मूल्य, सेवाएं तथा फार्म परिवार जैसे परिवार श्रम का अभिकलन, किसानों की अपनी पूंजी का उपयोग एवं फसल उत्पादन कार्यकलाप के लिए अपनी भूमि का उपयोग द्वारा संसाधनों का योगदान या स्वामित्व को शामिल करती हैं । परिवार द्वारा योगदान की गई आदानों को तृतीय पक्ष या बाजार में विभाजित नहीं किया जाता है, उनकी लागत अभियोग पद्धति के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से हैं । इसलिए यहां तक कि जब न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत सी 2 के बिल्कुल समान है, अध्यारोपित पारिवारिक श्रम, निर्धारित पूँजी पर ब्याज एवं स्वामित्व भूमि का किराया जो कि किसान द्वारा नकद एवं अन्य प्रकार के वास्तविक खर्च के रूप में किसानों को कुछ आय प्राप्त हो जाती है ।

किसान अपने समय का उपयुक्त मूल्यांकन, अपनी भूमि का किराया मूल्य, पूंजी पर ब्याज, मूल्यह्रास आदि मुद्दे को उठाता रहा है तथा इन मदों का यथार्थवादी उपचार मांगता रहा है।

पारिवारिक श्रम का अभिकलन

पारिवारिक श्रम लागत स्थानीय मजदूरी दर अथवा वास्तविक बाजार मजदूरी दर जो अधिक हो, के आधार पर अभिकलन किया जाता है । इस प्रकार के उपचार निर्णय लेने, जोखिम लेने एवं अपनी व्यावसायिक कुशाग्रता की शर्त पर किसानों के कौशल मूल्य आकलन नहीं होता है| योजना बनाने में, सामान्य देखरेख, आदानों की व्यवस्था करने के लिए दौरा एवं फार्म व्यवसाय के लिए अन्य स्रोत, फार्म से संबंधित सामान्य कार्यकलाप में भागीदारी पर किसानों द्वारा दिया गया समय भी जोड़ा नहीं जाता है । समिति के विभिन्न सदस्यों ने देखा कि

किसानों के कौशल और नवीनता को श्रमिक मजदूरी के अभियोग में उपयुक्त महत्व नहीं दिया जा रहा हैं | इसलिए समिति महसूस करती है कि किसानों द्वारा केवल उत्पादन में निरंतर समय लगाना और सामान्य श्रमिक की मजदूरी दर से इसका मूल्यांकन करना किसान के समय का बहुत कम मूल्यांकन है, जबकि यह अनुभव किया गया है कि किसानों को खेती के काम में विशेषज्ञ की तरह उपचारित किया जाना चाहिए | समिति ने सुझाव दिया है कि परिवार का प्रधान जो खेती में व्यस्त है, उसकी मजदूरी का आकलन कौशल मजदूरी दरों के आधार पर होना चाहिए | इसके अतिरिक्त किसानों के खतरा लाभ तथा प्रबंधकीय प्रभारों को महत्व देते हुए सी 2 लागत को 10 प्रतिशत बढ़ा देना चाहिए | तथापि डीईएस इससे सहमत नहीं था और उसने वैकल्पिक रूप से सुझाव दिया कि पारिवारिक श्रम सहित पेड-आउट लागत (ए2+एफएल) का 10 प्रतिशत को ए2+एफएल लागत में जोड़ा जाना चाहिए ताकि किसानों का प्रबंधकीय प्रभार वहन हो सके |

स्वामित्व भूमि पर किराया

भूमि किराया समान प्रकार की भूमि के लिए गांव में प्रचलित किराए या नमूना किसानों द्वारा रिपोर्ट किए गए आधार पर अनुमानित किया जाता है, जो संबंधित राज्य के भूमि विधान में दिए गए उचित किरायों की अधिकतम सीमा के अधीन है | समिति की सिफारिश हैं कि इसे प्रचलित किराया या असल किराया जो किसानों ने रिपोर्ट किये बिना उच्चतम दरें लगाये, आकलन करना चाहिए |

स्वामित्व नियत पूँजी एवं कार्यशील पूंजी पर ब्याज

कार्यशील पूँजी पर ब्याज आधी फसल अवधि के लिए 12.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से लगाया जाता है और निमत सम्पत्ति की वर्तमान कीमत पर ब्याज 10 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है | ये ब्याज दर संस्थागत स्त्रोतों द्वारा लगाए गए ब्याज के संदर्भ में है | कई बार किसान संस्थागत स्रोतों से ऋण प्राप्त करने में समर्थ नहीं होते हैं या संस्थागत ऋण पर्याप्त नहीं होते हैं, और वे गैर संस्थागत स्त्रोतों से उधार लेते हैं तथा अधिक ब्याज दरें अदा करते हैं | चूँकि खेती लागत प्रश्नावली में ऋण के स्रोत और उस पर प्रदत्त ब्याज पर सूचना शामिल होती है, इसलिए स्वामित्व नियत पूँजी और कार्यशील पूँजी पर ब्याज की कीमत लगाने के लिए ऋणी नमूना किसानों द्वारा संस्थागत और गैर संस्थागत ऋणों पर प्रदत्त वास्तविक ब्याज लगाना उचित होगा |

यह दिखाई पड़ता है कार्यशील पूँजी पर आधे फसल मौसम के लिए ब्याज चार्ज करना आदान के उपयोग से मेल खाते संसाधनों के सही प्रवाह पर आधारित है । यह कृषि में नहीं हो पाता है । अल्पावधि या फसल ऋण फसल की बुवाई के समय पर लिए जाते हैं और फसल कटाई के बाद लौटाया जाता है । इस प्रकार ब्याज पूरे फसल मौसम के लिए दिया जाता है । अत: यह सुझाया जाता है कि कार्यशील पूँजी पर ब्याज आधी फसल अवधि के लिए नहीं अपितु पूरी फसल अवधि के लिए अनुमानित किया जाए।

प्रसंस्करण, परिवहन और विपणन लागत

सीएसीपी रिपोर्टो और डीइएस की खेती लागत रिपोर्टो में प्रस्तुत खेती लागत आंकड़ों में विक्रय वसूली से पूर्व किसानों द्वारा उठाई गई सफाई, ग्रेडिंग, सुखाई, पैकेजिंग, विपणन और मण्डी तक उत्पाद के परिवहन जैसी फसल पश्चात लागतें शामिल नहीं करता है । तथापि ऐसी लागतें सीओसी स्कीम की प्रश्नावली में शामिल की गई है । समिति ने सिफारिश की है कि यह लागतें सीओसी के भाग के रूप में होनी चाहिए । यह भी सिफारिश की जाती है कि खेती की सी2 लागत पर पहुंचने के लिए समुचित जोखिम मार्जिन को जोड़ा जाना चाहिए । तथापि, इस मुद्दे पर डीईएस ने रेखांकित किया कि सीओसी एक्स-फार्म लागत है तथा इसकी गणना रू0/है0 में की जाती है, जबकि विपणन एवं परिवहन लागत फसलोपरांत लागत है और इनकी गणना रू0/क्विंटल में की जाती है । अत: ऐसी लागत सीओसी का भाग नहीं हो सकतीं । यह भी प्रस्तावित किया गया है कि सीएसीपी को लागत अनुमान भेजे जाते समय इन लागतों को अलग से इंकित किया जाना चाहिए तथा सीएसीपी एमएसपी के विचार के समय इन लागतों को सी2 लागत में जोड़े |

लागत प्रक्षेपण

फसल का उत्पादन और उपज किसी भी मौसम का न्य.स.मू. की घोषणा के समय पर ज्ञात नहीं होता है । लागत आंकड़े 2-3 वर्ष के अन्तराल पर प्राप्त होते है उदाहणार्थ विपणन वर्ष 2014-15 के लिए घोषित किए गए न्यू.स.मू. हेतु सीओसी डाटा अंतिम रूप में वर्ष 2011-12 तक उपलब्ध रहेगा | इसमें कुछ अन्तराल स्पष्ट है । इस प्रकार सीएसीपी वर्ष टी-3 के आधार डाटा और विभिन्न आदानों में स्फीति दर पर आधारित वर्ष टी-3 के लिए लागत डाटा प्रक्षेपित करता है । ऐसा करने में, सीएसीपी मानता है कि नियत लागत अल्पावधि में नहीं बदलती है और संयुक्त परिवर्तनीय आदान सूचकांक (सीवीआईआई) तैयार करने के लिए एक

जटिल कार्य प्रणाली का प्रयोग करता है । इस सूचकांक के घटकों में मानव श्रम (एचएल), बैल श्रम (बीएल), मशीन श्रम (एचएल), बीज, उर्वरक, खाद, कृमिनाशक और सिंचाई प्रभार शामिल हैं । इस प्रणाली की दो कमियाँ नीचे दी गई है:

- एक स्फीतिक अर्थव्यवस्था में यह मानना उचित नहीं है कि नियत लागत 3 वर्षों में नहीं बदलेगी ।
- यदि प्रौधोगिकीय परिवर्तन नहीं किए जाते हैं, तो उत्पाद की प्रति इकाई निविष्टि (आई/ओ) बढ़ेगी, जिससे पर्याय समय के साथ वास्तविक औसत लागत में वृद्धि होगी।

दूसरी कमी से निपटना अत्यंत कठिन है, परन्तु पहली का समाधान करना बहुत सरल है। इसका हल नियत लागत के अंतर्गत उपयुक्त चर लागतों में स्फीति की दर के अनुसार सी 2 लागत के नियत लागत घटक को बढाना है । नियत लागत का सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक भूमि का किराया है। अन्य घटक नियत और कार्यशील पूँजी पर ब्याज तथा फार्म परिसंपत्ति ह्रास है। समिति ने नियत लागत के विभिन्न मदों को आकलित करने के लिए निम्नलिखित कार्य प्रणाली प्रस्तावित की है:

नियत पूंजी पर ब्याज के प्रक्षेपण के संबंध में यह बताया जा सकता है कि उस अवधि के लिए इस घटक की गणना आसानी से की जा सकती है जिसके लिए ऋण लिया गया है ।

- नियत पूँजी पर ब्याज और मूल्यह्रास को निर्माण सामग्री में मुद्रास्फीति की दर से उन्हें बढा करके प्रक्षेपित किया जाए ।
- कार्यशील पूँजी पर ब्याज को संयुक्त परिवर्तनीय आदान सूचकांक के अनुसार बढ़ा करके प्रक्षेपित किया जाए।
- भूमि किराए को कृषि जिंसों के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) द्वारा बढ़ा करके प्रक्षेपित किया जाए जो भूमि किराए में उतार चढ़ाव का मुख्य निर्धारक है।

तथापि इस मुद्दे पर सीएसीपी ने व्यक्त किया है कि नियत लागत में नियत पूंजी पर ब्याज और स्वामित्व भूमि का किराया मूल्य शामिल होता है । नियत पूंजी पर मूल्यह्रास और कार्यशील पूंजी पर ब्याज (जो नियत लागत का भाग नहीं है) का प्रक्षेपण अलग से होता है। इसलिए स्वामित्व भूमि का किराया मूल्य और नियत पूंजी पर ब्याज पर नियत लागत के प्रक्षेपण के लिए विचार करना पड़ेगा । सीएसीपी द्वारा यह पाया गया है कि समिति द्वारा

दिये गये सुझावों को अपनाने से स्वामित्व भूमि का किराया मूल्य वास्तविक से बहुत कम है। इसलिए समिति ने सुझाव दिया है कि सीएसीपी नियत लागत के प्रक्षेपण के लिए अलग से ऐसी पद्यति जांच सकती है जो कि वास्तविकता के नजदीक है ।

लागत का औसतीकरण

राज्यों के बीच और किसी राज्य के भीतर किसानों के बीच लागत में बहुत बड़े अन्तर हैं । सीएसीपी उत्पादन लागत को निरूपित करने के लिए सभी राज्यों में नमूना किसानों की औसत लागत का प्रयोग करता है । इसका अर्थ है कि लगभग आधे किसानों की औसत से ऊपर वास्तविक लागत रखी जाएगी और शेष आधे की औसत स्तर से नीचे रखी जाएगी । क्योंकि न्यू.स.मू. का स्तर सामान्यत: औसत सी 2 लागत से अधिक है, उन किसानों का प्रतिशत जिनकी लागत न्य.स.मू. में शामिल नहीं की जाती है, वे 50 प्रतिशत से कम हैं । सीएसीपी के एक कार्यशील कागज के अनुसार वर्ष 2010-11 में एमएसपी उत्पादन लागत (सी2) उत्पादन का 96 प्रतिशत गन्ना में, 94 प्रतिशत जौ में, 93 प्रतिशत धान में, सरसों में 92 प्रतिशत और गेहूं उत्पादन का 88 प्रतिशत कवर करती है । विगत में सुझाव दिये गये कि न्यू.स.मू. के निर्धारण के लिए औसत लागत की बजाए बल्क लाइन लागत ली जाए, कुछ ने यह सुझाव दिया कि एमएसपी निर्धारण के लिए आधार लागत के तौर पर उच्च लागत स्थिति को प्रयोग किया जाए (सीएसीपी 2008-09 की रिपोर्ट की मद सं. 4.6)| इसके लिए निर्देशित सिद्धांत किसानों की क्षमता और अधिकतम किसानों के कवरेज के बीच संतुलन बैठाना चाहिए । एक अनुभव क्षमता मानदण्ड का ऐसा औसत लेना है जो गणितीय साधन और किसानों की अधिकतम कवरेज अर्थात 100 प्रतिशत का प्रयोग करता है। इसका अर्थ है कि बल्क लाइन लागत 75 प्रतिशत [(50+100)/2] किसानों को शामिल करते हुए सी2 लागत को निरूपित करने के लिए प्रयोग किया जाए । वर्तमान में डीइएस स्थापित आकलन पद्धति से सभी फसलों का राज्यवार लागत अनुमान आकलित करती है | तथापि समिति का सुझाव है कि किसानों की अधिकतम कवरेज के लिए, डी.इ.एस बल्क लाइन लागत का विश्लेषण कर सकता है |

प्रतिदर्श (नमूनों) का आकार व प्रतिदर्श (नमूने) लेने की प्रणाली

लागत अनुमानों की विश्वसनीयता व निरूपण नमूना किसानों के चयन के लिए उपयोग किए गए नमूने के आकार व प्रणाली पर निर्भर करता है। सीओसी आंकड़ों के निरूपण व विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए समिति ने निम्नलिखित सुझाव दिए हैं:

1. अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा संचालित मुख्य फसलों की खेती की लागत के लिए व्यापक योजना के तहत प्रत्येक चुनी हुई तहसील/ब्लाक में से वर्तमान में एक नमूना गांव का चुनाव किया जाता है । समिति ने सुझाव दिया है कि नमूना गांव की वृहद कवरेज के लिए प्रत्येक चुनी हुई तहसील/ब्लाक से एक गांव के स्थान पर दो गांव का चुनाव किया जाना चाहिए । इसके लिए नमूना माप बढ़ने के अनुरूप अधिक संसाधन और श्रम शक्ति की आवश्यकता पूरी करनी होगी जिससे कि किसानों से लागत आंकड़ों को प्राप्त करने की व्यवस्था को मजबूत किया जा सके ।

2. संचालनात्मक जोतें वर्तमान 5 आकार वर्गों के वर्गीकरण के स्थान पर तीन आकार वर्गों अर्थात् 1 है0, 1-2 है0 या 2 है0 से अधिक में वर्गीकृत होनी चाहिए और प्रत्येक आकार वर्ग से चुने हुए परिवारों की संख्या क्रमश: 3, 2 और 1 अर्थात प्रत्येक गाँव से 6 इकाईयां ।

3 (क) समिति द्वारा नमूना चयन के वर्तमान तंत्र में कमियां देखी गई, जहां कुछ गौण फसलों के लिए चुना गया नमूना आकार बहुत छोटा होता है । समिति ने महसूस किया कि गौण फसलों के तहत क्षेत्र के लिए संभावना अनुपात से नमूना चुनाव कर समस्या पर काबू पाया जा सकता है । इस पर समिति ने तहसील और ब्लाक का चुनाव करते वक्त प्रत्येक जोन के तहत उप स्ट्रेटा में एक सामान्य स्ट्रेटा (मुख्य फसलों के लिए) और एक अन्य गौण फसल स्ट्रेटा के रूप में, की शुरूआत द्वारा मौजूदा नमूना डिजायन में संशोधन का सुझाव दिया है और आगे चुनी हुई तहसील में गांव का चुनाव करते समय बढ़ाया जा सकता है।

(ख) राज्य स्तर पर अनाज, दलहन और तिलहन के लिए इस समूह के तहत केवल उन्हीं फसलों का चुनाव किया जाए ताकि वे क्रमश: इन्हीं समूहों के तहत कुल क्षेत्र का कम से कम 90% क्षेत्र कवर कर सकें। पटसन, नारियल और गन्ने के लिए मुख्य उत्पादक राज्य इस तरीके से चुने जाएं कि अखिल भारतीय स्तर पर कम से कम 90% क्षेत्र कवर हो। इससे नमूने में गौण फसल उत्पादक प्रचालनात्मक जोतों की संख्या में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी के मौके बढ़ सकते हैं। यह नमूना कार्य प्रणाली दृष्टिकोण अंतिम अपनाने से पहले पायलट आधार पर आजमाया जा सकता है।

4. संग्रहित प्राथमिक डाटा की गुणवत्ता और उचित क्षेत्र देखरेख में सुधार के लिए क्षेत्र पर्यवेक्षक और क्षेत्र अन्वेषकों/ फील्डमैन का अनुपात वर्तमान 1:10 के स्थान पर 1:6 होना चाहिए| हालाँकि, इसके लिए अतिरिक्त क्षेत्र पर्यवेक्षक की जरूरत होगी जिसके लिए आवश्यक व्यवस्था करनी होगी |

5. तीन साल की ब्लॉक अवधि के लिए चुनिंदा किसान/परिवारों से सूचना संग्रह की वर्तमान प्रणाली अपरिवर्तनीय रहनी चाहिए । सीएस के तहत सृजित लागत अनुमान प्रदान करने का समय कम करने के लिए एक अद्यतन साफ्टवेयर की शीघ्रातिशीघ्र आवश्यकता है ।

6. राज्यवार विश्वसनीय सी.ओ.सी. आंकड़ो के प्रजनन के लिए समिति कम से कम 300 प्रचालन जोत की सिफारिश करती है | लेकिन यह बताया जाता है कि नमूना माप बढने पर नमूना त्रुटि कम होगी लेकिन गैर नमूना गलती त्रुटि में बढोतरी हो सकती हैं |

7. वर्तमान में एम एस पी/एफआर पी के लिए 23 फसलों का विचार किया गया है | इनमें से कुछ फसलें उपलब्धता के विचार से गौण फसल होती है और वर्तमान नमूना बनावट मुख्यतः बड़ी फसलों पर ध्यान देता है जिसके कारण गौण फसलें नगण्य प्रेक्षण (कभी कभी शुन्य) सूचित तथा चुनी जाती है | यह तथ्य समिति द्वारा पहले ही ध्यान में रखा गया है ।

8. पीपीएस क्षेत्र के साथ फसलों के सुझाव के सम्बन्ध में ऐसा यह उल्लेखनीय है कि गौण फसल क्षेत्र के लिए व्यवहार्य नहीं हैं अगर पी.पी.एस को गौण फसल के क्षेत्रफल से अपनाया जाता हैं तो यह बहुत से ब्लाक/तहसील को चयनित होने से छोड़ सकता है

क्योंकि गौण फसलें सभी ब्लाक/तहसील में बोई नहीं जाती | तथापि समिति वर्तमान नमूना डिजाईन में सुधार, गाँव/ब्लाक जिसमें हर मंडल में सब स्ट्रेटा सामान्य (मुख्य फसलों के लिए) और गौण फसल स्ट्रेटा के चुनाव के अन्दर गाँव का चुनाव करते समय बढाया जा सकता हैं यह निश्चित तौर पर ऐसे प्रचालन जोतों को चुनने की स्थिति को बढावा देगी जहां गौण फसलें उगाई जाती हैं | नमूना प्रणाली को अपनाने से पहले पायलट आधार पर आजमाना चाहिए |

प्रशुल्क (टैरिफ), कर, ऋण व मण्डी

समिति महसूस करती है कि प्रशुल्क, कर, ऋण तथा मंडी संरचना का उत्पादन लागत तथा पैदावार मूल्य तथा परिणामी फार्म आय पर सशक्त प्रभाव है।

प्रशुल्क (टैरिफ)

भारत में कृषि उत्पादों के आयात पर पहले से ही बहुत कम वास्तविक प्रशुल्क (टैरिफ) है। यद्यपि सस्ते आयातकों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत का सीमित प्रशुल्क (टैरिफ) अधिक है। तथापि वास्तविक मूल्य काफी कम है। भारत में जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य अधिक होते हैं, तो शुल्क में बढ़ोतरी होती है तथा जब अंतर्राष्ट्रीय मूल्य कम होते है, तो कम प्रशुल्क दर को शामिल करते हुए विविध शुल्क नीति का अनुसरण करने की आवश्यकता है। इसके पश्चात, उन उत्पादों के आयात पर अधिक तथा स्थायी निर्भरता कम की जानी चाहिए जिसका उत्पादन देश में व्यापक स्तर पर किया जाता है।

भारत के तिलहन क्षेत्र ने आयात उदारीकरण के कारण गंभीर कमियों का सामना किया है। वनस्पति तेलों पर निम्न तथा कम होते हुए शुल्क के कारण उनके घरेलू मूल्य भारतीय उत्पादकों के लिए प्रतिकूल रहे हैं तथा इससे आपूर्ति कम हुई है। साथ ही, सीएसीपी ने तिलहन के लिए चल रहे मूल्य समतुल्यता का समाधान नहीं किया, बावजूद इसके कि ऐसा करना अनिवार्य था। इस कारण, भारत तिलहन उत्पादन बढ़ाने में शुष्क भूमि तथा सीमांत क्षेत्रों की क्षमता के दोहन के योग्य नहीं है। समिति का सुझाव है कि कच्चे तेल के साथ-साथ परिष्कृत खाद्य तेलों पर प्रशुल्क प्रतिस्पर्धा प्राप्त करने के लिए तिलहन क्षेत्र को स्वीकृति देने के लिए किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित रूप से निर्धारित किया जाए ।

निर्यात पर, भारत में कृषि उत्पादों पर कोई शुल्क व्यवस्था नहीं है। गैर-शुल्क अवरोध (बैरियर) द्वारा मनमाने ढंग से कृषि-खाद्य निर्यात को विनियमित किया जाता है। जब भी घरेलू मूल्य बढ़ने लगते हैं, कृषि निर्यात पर प्रतिबंध लग जाता है। देश में, विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्यात पर अक्सर रोक लगाई जाती है, जब भी घरेलू मूल्यों में अत्याधिक बढ़ोतरी की संभावना होती है। आयात तथा निर्यात नीति की निकट जांच यह दर्शाता है कि भारत ने मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए बहुत अधिक प्राथमिकता दी है तथा घरेलू मूल्यों में प्रवाह प्राय: अधिक उदारीकृत आयात तथा निर्यात पर प्रतिबंधों के लिए अग्रणी है। यह बताता है कि अधिकांश मामलों में उपभोक्ताओं के हित को उत्पादकों के हित से ऊपर रखा गया है। समिति बल देती है कि सीएसीपी से शुल्क तथा व्यापार नीति पर अनिवार्य रूप से विचार-विमर्श करना चाहिए तथा इसकी सिफारिशों पर विचार किया जाना चाहिए।

कृषि ऋण

कृषि के बढ़े हुए व्यवसायीकरण तथा आधुनिक आदानों के प्रयोग में बढ़ोतरी के साथ, कुल उत्पादन में खरीदे गए आदानों का अंश तथा मात्रा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इसके अलावा, कृषि पैदावार में बढ़ोतरी को बनाए रखने तथा उत्पादन की कुशलता के सुधार को बढ़ाने के लिए सिंचाई उपकरण, फार्म मशीनरी तथा भूमि सुधार जैसी विभिन्न प्रकार की सम्पति में निजी निवेश की भी आवश्यकता अपेक्षित है। किसानों के अपने संसाधन, कार्यकारी पूंजी तथा कृषि की निर्धारित आवश्यकताएं पूंजी प्राप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए किसानों को इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बाहरी संसाधनों से ऋण लेना पड़ता है। उद्योग के विपरीत कृषि क्षेत्र संसाधनों को बढ़ाने हेतु बाजार साम्यता तक नहीं पहुंच पाता है तथा किसानों को संस्थागत स्रोतों अथवा गैर-संस्थागत स्रोतों जैसे साहूकारों से ऋण लेना पड़ता है। निजी स्रोतों से ऋण लेना आम बात है, परंतु प्राय: यह शोषण करने वाला है, बहुत ऊंचे दरों पर उपलब्ध है तथा ऐसे स्रोतों से ऋण लेने वाले प्राय: ऋण के क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा साहूकारों तथा अन्य निजी स्रोतों पर किसानों की निर्भरता को कम करने के लिए कृषि में संस्थागत ऋण के प्रवाह को बढ़ाने के लिए 1970 के बाद कई कार्य किए गए। सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप, कृषि के संस्थागत ऋण के प्रवाह में असाधारण बढ़ोतरी हुई है।

संस्थागत ऋण आपूर्ति में बढ़ोतरी के बावजूद, किसान परिवार साहूकारों तथा अन्य-गैर संस्थागत एजेंसियों के चंगुल से अपने आपको बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। यह संस्थागत

वित्तीय प्रणाली से अधिक प्रतिशत में छोटे तथा सीमांत किसानों के वित्तीय वर्जन को रोकने के लिए उपाय करने की मांग करता है। वित्तीय संस्थान के साथ अन्य गंभीर समस्या है कि कृषि ऋण का प्रवाह राज्यों तथा क्षेत्रों में एक समान नहीं है। महिला किसानों की ऐसे ऋण तक पहुंच नहीं है । कृषि में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के परिपेक्ष्य में विद्वानों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने इस कमी को पूरा करने की मांग की है । यहां तक कि राज्यों में भी विकसित क्षेत्रों, वास्तविक अवसंरचना तक व्यापक पहुंच वाले क्षेत्र, अथवा विकासाधीन जिलों अथवा क्षेत्रों की तुलना में शहरी केन्द्रों के समीप क्षेत्र में ऋण के प्रवाह में अंतर है।

संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाने के लिए अभिनव उत्पादों तथा सेवाओं के संबंध में व्यापक उपायों की आवश्यकता है। जटिल कागजाती प्रक्रिया तथा ऋण लेने में उच्च अंतरण लागत का अनिवार्य रूप से समाधान किए जाने की आवश्यकता है। देश में सभी किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने तथा समय-समय पर इसकी सीमा बढ़ाने की बहुत अधिक अपेक्षा है। सूदखोरों पर कुछ नियंत्रण तथा नियम होने चाहिए तथा साहूकारों तथा अन्य निजी स्रोतों से कृषि ऋण हेतु व्यापक मानक तथा शर्तों को अस्तित्व में लाना चाहिए।

समिति सुझाव देती है कि प्रत्येक राज्य के लिए संस्थागत ऋण की आपूर्ति हेतु कुछ न्यूनतम सीमा बनाए रखने की आवश्यकता है। यह सिफारिश करती है कि प्रत्येक राज्य में प्रतिवर्ष लघु अवधिक ऋण के रूप में कृषि पैदावार के कम से कम 25 प्रतिशत मूल्य की आपूर्ति की जानी चाहिए। यह संख्या में भुगतान किए गए लागत मूल्य के प्रतिशत के लिए संगत है।

मंडी

कृषि मंडी उत्पादकों द्वारा प्राप्त मूल्यों तथा कृषि उत्पादों, विखंडित तथा दीर्घ विपणन चेनल, कमजोर अवसंरचना तथा नीति विकारों हेतु उपभोक्ताओं द्वारा चुकाए गए मूल्यों के बीच अकुशलता, असंगति का सामना करता है। यह भी पाया गया है कि उत्पादन तथा विपणन में मिलाए गए कुल मूल्य में फसलोपरांत घटक में मूल्य वर्धित अंश बढ़ रहा है तथा इससे उत्पादन कम हो रहा है। कुछ मामलों में विपणन में मूल्य वर्धन उत्पादन में मूल्य वर्धन से अधिक है। फार्म का आकार दिन प्रतिदिन कम हो रहा है। विपणन यंत्रीकरण को विकसित एवं सुदृढ़ कर विपणन में मूल्य वर्धित अंश प्राप्त कर किसानों को समर्थ कर कृषि उत्पाद से आय को बढ़ाया जा सकता है जिसमें उत्पादकों को सहभागी के रूप में शामिल किया जाए। ऐसे

उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा कृषि मंडी में प्रभावी शर्तों को दूर करने के लिए अनिवार्य सुधारों की आवश्यकता है।

उत्पादकों तथा उपभोक्ताओं हेतु सर्वोत्तम विपणन माडल उनके लिए है जहां, उत्पादक उपभोक्ताओं को सीधे विक्रय करते हैं चाहे वे व्यक्तिगत हो अथवा किसी तरह का कोई संगठन हो। ऐसे मॉडल को कुछ राज्यों में जैसे कि पंजाब तथा हरियाणा में अपनी मंडी, आंध्र प्रदेश में रायल बाजार तथा तमिलनाडु में उजावर सन्धाई के रूप में विकसित किया गया है। इन व्यवस्थाओं के अंतर्गत, किसानों को चयनित दिन अथवा समय पर विचौलियों के बिना शहरों में उपभोक्ताओं को खुदरा मूल्य पर उत्पाद भेजने की अनुमति है। इन विपणन व्यवस्था के प्रचालन का स्तर काफी कम है, क्योंकि केवल बड़े शहरों के निकट रहने वाले किसान विपणन से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार का हॉपकॉम्स अनुभव कर्नाटक में है । ऐसे अभिनव विपणन को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

कृषि उत्पादों की मांग पद्धति उपभोक्ता तथा उद्योग दोनों स्तर पर प्रसंस्कृत उत्पादों, गुणवत्ता उत्पाद तथा विशिष्टताओं के प्रति धीरे-धीरे बदल रही है। यह बदलाव परंपरागत विपणन चेनल की अपेक्षा समेकित आपूर्ति श्रृंखला, खुली मंडी की अपेक्षा आश्वस्त मंडी तथा जेनेरिक की अपेक्षा विशिष्ट उत्पाद का पक्ष लेती है। ऐसी आपूर्ति श्रृंखला विचौलियों के लाभांश को कम करने के लिए बहुत अधिक संभावना भी प्रदान करती है। एक बेहतर कार्य करने वाली आपूर्ति श्रृंखला किसानों को प्रसंस्करण फर्म तथा उपभोक्ताओं को अधिक निकटता से जोड़कर विपणन की लागत को कम कर सकता है तथा मात्रा, गुणवत्ता, किस्म तथा खाद्य सुरक्षा हेतु बदलते हुए उपभोक्ता वरीयताओं को पूरा करने के लिए उत्पादन की निगरानी करता है। आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला में प्राय: निजी मानक तथा उनके प्रवर्तन भी शामिल होते हैं जो कुशलता बढ़ाकर तथा अंतरण लागत कम कर कई क्षेत्रों अथवा देशों में आपूर्तिकर्ता हेतु उत्पाद आवश्यकताओं को मानकीकृत कर समन्वय आपूर्ति श्रृंखला में सहायता करती है। आपूर्ति श्रृंखला की अवधारणा उन लघु धारकों के लिए अधिक लाभदायक है, जिनकी भारत की कृषि में प्रधानता है। लघु उत्पादों को एकत्र करने "समाकलक" संस्थान को बढ़ावा देने का तथा उत्पादकों की तरफ से अथवा अपने आप से मंडी में विक्रय का भी सुझाव दिया गया है।

